# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................../सम्ब. अनु./2018

दिनांक :. ..........................................................

*स्पीड–पोस्ट/रजिस्टर्ड/व्यक्तिगत*

## कार्यालय–ज्ञाप

उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विगत वर्षों की भाँति ही अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (All India Survey on Higher Education) कार्य वर्ष 2018–19 को पूर्ण कराये जाने के निर्देशानुक्रम में वि0वि0 के पत्र संख्या : 17897–904, दिनांक : 09.08.2018 द्वारा प्रत्येक दशा में **दिनांक 27.08.2018 तक अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य वर्ष 2018–19 का डाटा अपलोड किये जाने हेतु** निर्देशित किया गया था। किन्तु अतद्यतन 11 सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा ही **अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य वर्ष 2018–19 का डाटा अपलोड किये जाने** की कार्यवाही पूर्ण की गई है।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा अब तक डाटा अपलोड नहीं किया गया है उन्हें पुनः निर्देशित किया जाता है कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य वर्ष 2018–19 का **डाटा अपलोड किये जाने की कार्यवाही इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से तीन कार्य दिवसों में प्रत्येक दशा में पूर्ण करने का कष्ट करें** अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के प्राविधानान्तर्गत कार्यवाही यथा–सहयुक्तता समाप्त किये जाने की कार्यवाही, प्रवेश प्रतिबन्धित करने की कार्यवाही, प्रवेश क्षमता में कमी की कार्यवाही अथवा प्रवेशित विद्यार्थियों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा नहीं कराये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र, प्राचार्य/प्राचार्या का होगा। इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के समन्वयक–एआईएसएच **डॉ0 पुनीत मिश्रा, मो0 नं0 : 9415159146** से सम्पर्क कर जानकारी/समस्या का निराकरण प्राप्त किया जा सकता है।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : Af–2452–60 दिनांक : 04.02.19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा (अनुभाग–1), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
4. निदेशक आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ कि कृपया समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
7. डॉ0 पुनीत मिश्रा, कोआर्डीनेटर, एआईएसएच, कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0।
8. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालय, ल0वि0वि0 को अनुपालनार्थ।
9. उप कुलसचिव (सा0प्र0)।
10. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव